सिटी बोर्ड जौनपुर की बैठक दिनांक 5.2.95 दिन रविवार को सिटी बोर्ड कार्यालय में अपराह्न 3.00 श्री सीताराम यादव, अध्यक्ष सिटी बोर्ड जौनपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें उपस्थित सिटी बोर्ड मान्य सभासदों के नाम, व कार्यवाही निम्न प्रकार है।

1	श्री सीताराम यादव	अध्यक्ष,
2	" राजेन्द्र प्रताप सिंह	मान्य सभासद
3	" राम अवध यादव	" "
4	" सोमनाथ आर्य	" "
5	" बाबूलाल गुप्ता	" "
6	" लक्ष्मीनारायण यादव	प्रतिनिधि सांसद
7	" डा0 पुनीत श्रीवास्तव	मान्य सभासद
8	" नरेन्द्र बहादुर सिंह	" "
9	" सै0 मेंहदी हसन	" "
10	" हाजी मो0 सलीम	" "
11	" गणेश नाथ रावत	" "
12	" मुख्तार अहमद	" "
13	" रविन्द्र प्रताप सिंह	" "
14	" मुन्नालाल साहू	" "
15	" मिर्जा जियारत हुसैन	" "
16	" अनवरजहां उर्फ मइया जी	" "
17	" अमरनाथ	नामित सभासद
18	" कैलाशनाथ मौर्य	मान्य सभासद

(signature)
(शिवप्रकाश पाण्डेय)
अधिशासी अधिकारी,
(विशेष वेतनमान)
सिटी बोर्ड, जौनपुर
5.2.95

सीताराम यादव
(सीताराम यादव)
अध्यक्ष,
सिटी बोर्ड, जौनपुर
5.2.95

बैठक दिनांक 5-2-95

प्रस्ताव :-	निर्णय :-
1. पिछली बैठक दिनांक 29.1.95 व दिनांक 3.2.95 की आपातकालीन बैठक की कार्यवाही बावत पुष्टि	पिछली कार्यवाही पढ़ कर लिपिक द्वारा सदन में पढ़ी गयी जिसकी पुष्टि सर्वसम्मति से की गयी। चर्चा के दौरान श्री मेंहदी हसन मान्य सभासद, ने अवैध जलसंयोजन नियमित करने की प्रक्रिया में 174/- रु० सौ चौहत्तर रुपये जमा करने एवं मीटर लगाने की बात कही, इस विषय पर डा० सुनील श्रीवास्तव, श्री बाबूलाल गुप्त, हाजी मो० सलीम, श्री राम कृपाल यादव, मान्य सभासदों द्वारा काफी चर्चा की गयी, अन्त में बोर्ड एवं उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुये, सर्वसम्मति से यह स्वीकार किया गया कि 200/- दो सौ रुपया जमा कराया जाय तथा उपभोक्ता से मीटर लगवाया जाय, तभी उनके अवैध जलसंयोजनों को वैध किया जाय। चर्चा को बढ़ाते हुए श्री मेंहदी हसन, व डा० सुनील श्रीवास्तव, सभासद ने यह प्रस्ताव रखा कि जिन

Scanned with OKEN Scanner

बैठक दिनांक ५.२.३५

प्रस्ताव :-

निर्णय :-

आवेदकों द्वारा दुकान आवंटन हेतु नियमों के तहत पैसा जमा किया है, उन्हें पूर्व शर्तों के अनुसार अनुमोदन पर विचार किया जाय जिस पर आम सहमति पायी गयी।

सि.टी. बोर्ड ओबरा के परिषदीय कार्यकाल (दिनांक 8.2.89 से अबतक की अवधि में) बोर्ड द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा।

उपस्थित मान्य सभासदों के समक्ष पालिका अधिशासी अधिकारी श्री सत्यप्रकाश पाण्डेय, ने परिषद के मान्य सभासदों द्वारा जो सहयोग, समर्थन, बोर्ड एवं जनता के हित में दिया गया है, उनके प्रति आभार व्यक्त किया, तथा परिषद के सभासदों को बधाई दी, साथ पालिका अध्यक्ष श्री सीतारामयादव, के द्वारा जनहित के किये गये कार्यों, सहयोग एवं मार्गदर्शन पर हुए उत्कृष्ट कार्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, बधाई दी।

उपस्थित मान्य सभासदों में विशेषकर श्री जनसहजा, उर्फ "भइयाजी" ने परिषद के कार्यकाल में जनहित एवं बोर्ड हित में निरन्तर किये गये सेवाओं नगर में सफाई, पानी, प्रकाश, जैसी आवश्यक सेवाओं की समुचित व्यवस्था किये जाने पर बोर्ड के अध्यक्ष, माननीय श्री सीतारामयादव, के उत्कृष्ट कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए बधाई दी।

अंत में अध्यक्ष जी द्वारा

दिनांक 5-2-95

प्रस्ताव :-	निर्णय :-
	सभी माननीय सभासदों, अधिशासी अधिकारी, तथा कर्मचारियों के कर्मठ कार्य लगन, सहयोग, एवं प्रशंसनीय कार्यों की सराहना करते हुये, सभी को बधाई दी तथा अपना हार्दिक स्नेहाशीर्वाद भी दिया।

(सत्यप्रकाश पाण्डेय)
अधिशासी अधिकारी
(विशेष वेतनमान)
सिटी बोर्ड जौनपुर
5-2-95

(सीतारामयादव)
अध्यक्ष,
सिटी बोर्ड जौनपुर
5-2-95

लेखक :- महेशनारायण,
कार्यालय अधीक्षक/ परिषद लिपिक,
सिटी बोर्ड जौनपुर